प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 11.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को दुबई से किया गया गिरफ्तार।

2– चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी की।

3– राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों के तबादले किए–निखिल अशोक राखेचा को गरियाबंद का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया।

4– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज दुर्गा अष्टमी और महानवमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है–बस्तर दशहरे के तहत आज निभाई जाएगी निशाजात्रा की रस्म।

.................................................................

<u>सौरभ चंद्राकर–गिरफ्तार</u>

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य संचालक सौरभ चंद्राकर को दुबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय–ईडी, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। हमारे दुर्ग संवाददाता के अनुसार दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यूएई के अधिकारियों ने भारत सरकार और सीबीआई को सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। अब प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरा करने के बाद "प्रोविजनल अरेस्ट" कर उसे भारत लाया जाएगा।

गौरतलब है कि लगभग डेढ़ महीने पहले राज्य सरकार ने महादेव ऑनलाइन सट्टा में करीब छह हजार करोड़ रूपए से अधिक के घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

.................................................................

<u>चिकित्सक–सूची</u>

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सूची में उन चिकित्सकों के नाम शामिल किए गए है, जो निजी प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि ऐसे चिकित्सक और चिकित्सा शिक्षक जो निजी प्रैक्टिस नही करते हैं, उन्हें शासन द्वारा वेतन के अतिरिक्त नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस–एनपीए भी दिया जाता है। एनपीए लेने के बाद भी निजी प्रैक्टिस करना प्रतिबंधित है और यह नियम विरुद्ध है।

..................................................................

डॉक्टर–निजी प्रेक्टिस प्रतिबंध

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों के पाठ्यक्रम अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस, सेवा या नौकरी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र–छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें। सभी छात्र–छात्राओं से इस संबंध में एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गए हैं।

..................................................................

श्रम सम्मान राशि

प्रदेश में वन विभाग में कार्यरत् दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए श्रम सम्मान राशि जारी कर दी गई है। इस राशि से वन विभाग के करीब छह हजार से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हर महीने चार हजार रूपये की दर से श्रम सम्मान राशि का भुगतान किया जाएगा।

..................................................................

साइबर–जागरूकता

रायगढ़ जिले में साइबर सुरक्षा और जल संरक्षण को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा मुख्य अतिथि और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला तथा पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला में लोगों को साइबर सुरक्षा और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि बदलती तकनीक के बीच लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बचाव के तरीकों को अमल में लाकर ऐसे साइबर अपराधियों के जाल में फंसने से बचा जा सकता है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन दिनों साइबर जन–जागरूकता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

.................................................................

आईपीएस अधिकारी–तबादला

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार निखिल अशोक राखेचा को गरियाबंद का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, अमित तुकाराम कांम्बले को कांकेर का नया डीआईजी नियुक्त किया गया है। इसी तरह, उपेश प्रसाद गुप्ता को सुकमा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। पूजा कुमार को बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

.................................................................

आईआईएम–दीक्षांत समारोह

भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम रायपुर आज अपना पन्द्रहवां स्थापना दिवस मना रहा है। संस्थान के निदेशक डॉक्टर रामकुमार ककानी ने बताया कि संस्थान के परिसर में आज शाम आयोजित दीक्षांत समारोह में अडानी एयरपोर्ट्स के सीईओ अमित ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

.................................................................

महाअष्टमी

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज दुर्गा अष्टमी और महानवमी श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जा रही है। आज के दिन महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में शक्ति की उपासना की जाती है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश की विभिन्न शक्तिपीठों और मंदिरों में आज हवन–पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिरों और दुर्गोत्सव समितियों के साथ–साथ व्रत उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने आज कन्याभोज भी कराया।

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में बंगाली समाज द्वारा कालीबाड़ी और टाटीबंध में आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। इससे पहले, राज्यपाल कल भिलाई के वैशाली नगर स्थित कालीबाड़ी के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

..................................................................

<u>बस्तर दशहरा</u>

बस्तर दशहरे के तहत आज निशाजात्रा की रस्म अदा की जाएगी। इस बारे में और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे जगदलपुर संवाददाता संतोष वर्मा –

वहीं, कल बस्तर दशहरा में मावली परघाव की रस्म निभाई जाएगी। इसमें दन्तेवाड़ा शक्तिपीठ से मावली माता की डोली और मां दन्तेश्वरी के छत्र को विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद परघाया जाएगा।

..................................................................

<u>भाजपा–सदस्यता अभियान</u>

भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सोलह से तीस अक्टूबर तक प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की जानकारी देते हुए सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक मंडल में एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आज से चौदह अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। वहीं, एक से चार नवंबर

तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन और अनुमोदन होगा, जिसके बाद पांच नवंबर को सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी।

..................................................................

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही निशा यादव से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल बारह अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

..................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू आज मुंगेली के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित आवास मेले में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास के लिए चेक वितरित किए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और मंत्री लखनलाल देवांगन भी उपस्थित थे।

– भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विश्व मानक दिवस के अवसर पर रायपुर में चौदह अक्टूबर को मानक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

– सक्ती जिले में हुए हादसे के बाद लापता तीनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं। नौ अक्टूबर को मोहगांव में इक्कीस लोगों को लेकर जा रही एक पिकअप वाहन नहर में गिर गई थी। इस हादसे के बाद तीन बच्चे लापता हो गए थे।

– विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महासमुंद जेल में एक सौ दस बंदियों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया।

– जांजगीर–चाम्पा जिले के चौराभाठा गांव में फ्लाईएश ब्रिक्स कम्पनी में काम करते समय एक महिला की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई।

– बेमेतरा जिले के ग्राम बेलतरा के कोटवार की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। नौ अक्टूबर को कोटवार का शव संदिग्ध हालत में मिला था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>